



# शाही पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण पर निकले खाटूश्यामजी

नवभारत न्यूज

**150 श्याम भक्त सम्पूर्ण शोभा यात्रा में निशान लेकर चले**

**ग्वालियर 29 अक्टूबर.** खाटूश्यामजी का 55 वा 5 दिवसीय वार्षिक महोत्सव के पहले दिन भव्य शाही पालकी शोभा यात्रा निकाली गई यह आयोजन परम श्रद्धेय भक्त शिरोमणि श्याम लीन श्रीकिशन बाबा जी के आशीर्वाद से एवम् श्याम अग्रवाल के मार्ग दर्शन निकाली गई इस आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए श्री श्याम मंडल श्याम हवेली के अध्यक्ष एम के अग्रवाल और सचिव राजकुमार सर्राफ ने बताया की सर्व प्रथम



भव्य शाही पालकी शोभा यात्रा में ज्योत प्रज्वलित कर प्रारंभ हुयी इस मौके पर मध्य प्रदेश शासन के उर्जा मंत्री प्रदुम्न सिंह तोमर व क्षेत्रीय विधायक सतीश सिंह सिकरवार उपस्थित थे आज विशाल शाही पालकी यात्रा जीवायएमसी क्लब अचलेश्वर मंदिर रोड़ से प्रारंभ होकर इन्दरगंज से दाल बाजार, लोहिया बाजार, ऊंट पुल से दौलत गंज, महाराज बाड़ा, सराफा बाजार होते हुए डीडवाना ओली गस्त का ताजिया होकर राम मंदिर पर आकर समाप्त हुयी इस आयोजन में विशेष आकर्षण पूरी रोड़ पर श्री श्याम प्रभु के लिए बिल्कुल नया लाल कार्पेट सम्पूर्ण यात्रा में रोड़ पर बिछाया गया इस तरह का आयोजन शहर में पहली बार किया गया दो हंस वाहिनी इस शोभा यात्रा में सम्मिलित थी दो ऊंट भी शामिल थे डबल डेकर साउंड गाड़ी विशाल नंदी एवम् उज्जैन के आघोरियो द्वारा तांडव नृत्य पूरे मार्ग में करते नजर आ रहे थे.

कार्यक्रम के संयोजक प्रमोद कुमार टिबडीवाल फरीदाबाद भी सम्पूर्ण आयोजन में सम्पूर्ण शाही पालकी यात्रा में अपने श्याम भक्तो के साथ व्यवस्था बनाए रखें थे इस आयोजन में श्री श्याम प्रभु की निशान यात्रा भी आकर्षण का केन्द्र रही श्याम प्रभु के भजनों पर सभी भक्त थिरकते थिरकते पूरी रास्ते पर चले.

संजय कट्ठल ने बताया की इस शाही पालकी शोभा यात्रा के इस आयोजन में सर्व प्रथम 4 घोड़े चल रहें थे दो ऊंट इसके बाद खलील का 25 दलीय ढ़ोल गणेश जी की झांकी नंदअघोरियों एवम् अघोरियों का तांडव नृत्य हनुमान झांकी लाइव सिंगर डबल डेकर गाड़ी श्याम भक्त निशान लेकर चल रहे थे 20 दलीय जयपुर के कलाकारों द्वारा कालबेलिया नृत्य रोड़ पर कलाकारों द्वारा किशन बाबा ज्योत शहनाई

शाही पालकी प्रसाद वितरण इसके पश्चात अंत में सफाई और कचरा हटाने की व्यवस्था की गयी थी इस आयोजन में शहर की विभिन्न धार्मिक एवम् समाजसेवी संस्थाओं ने जमकर स्वागत किया इस आयोजन में मध्य प्रदेश चेम्बर आफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव दीपक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संदीप नारायण अग्रवाल, पार्षद अंजना हरी बाबू शिवहरे, अंकित कट्ठल, अनिल सांखला सहित विभिन्न संगठनों के लोग सम्मिलित हुये ।

अन्य होने वाले आयोजन इस प्रकार है 30 अक्टूबर को शुक्रवार श्याम हवेली पर सुंदरकांड पाठ पंडित अंकित शर्मा द्वारा किया जाएगा यह आयोजन रात्रि 8 बजे से आयोजित किया जाएगा.

# एमपीएल की गर्वनिंग बॉडी मात्र चार दिन में ही बदलना पड़ी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 अक्टूबर.** ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (जीडीसीए) द्वारा मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) की बनाई गई गर्वनिंग बाडी मात्र चार दिन में ही बदल दी गई। गर्वनिंग बाडी बनाने में जीडीसीए के कर्ताधर्ताओं ने बड़ी चूक कर दी। चूक यह थी कि जो दो युवा जीडीसीए के मेंबर नहीं थे उन्हें भी एमपीएल की गर्वनिंग बाडी 2025-26 में मेंबर बनाकर ताजपोशी कर दी गई थी। यह सदस्य थे प्रदेश के उर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के पुत्र रिपुदमन सिंह तोमर और केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निज


**जो हाई प्रोफाइल युवा जीडीसीए के मेंबर नहीं, उन्हें बना दिया था मेंबर, सिंधिया के दखल पर जारी हुई नई सूची**



सचिव पुरूषोत्तम पाराशर के भाई धीरज पाराशर। इन दोनों का जीडीसीए से कोई ताल्लुक नहीं था और न ही एमपीसीए से। फिर भी इन्हें एमपीएल की गर्वनिंग बाडी में शामिल कर लिया गया।

यहां बता दें कि एमपीसीए और जीडीसीए के मेंबर ही एमपीएल की गर्वनिंग काउंसिल में आ सकते थे। शुरूआत में जीडीसीए की मैनेजिंग कमेटी ने इन युवाओं के मनोनयन पर साइन भी कर दिये थे।

शुरूआत में गवर्निंग बाडी में प्रशांत मेहता चेयरमैन, संजय आहूजा सचिव, रवि पाटनकर सीईओ, रिपुदमन सिंह तोमर व धीरज पाराशर मेंबर बनाये गये। यह आदेश 24 अक्टूबर को



सचिव संजय आहूजा के हस्ताक्षर से निकाला गया। बाद में दो नये नवेलों के गवर्निंग बाडी में जुड़ने का काफी हो हल्ला मचा, जीडीसीए से जुड़े लोगों ने भी आपत्ति जताई। सोशल मीडिया पर भी यह मसला चलने लगा, तब केन्द्रीय मंत्री व जीडीसीए संरक्षक ज्योतिरादित्य सिंधिया तक मामला पहुंचा तो उन्होंने आनन फानन में चेयरमैन प्रशांत मेहता को फोन कर गर्वनिंग बाडी का लैटर बदलवा दिया। यह लैटर संशोधित होकर 28 अक्टूबर को निकाला गया और इसमे रिपुदमन सिंह व धीरज पाराशर की जगह संग्राम सिंह कदम व विजय प्रकाश शर्मा बेटू को शामिल किया गया। जीडीसीए के पदाधिकारी इस मामले पर चुप्पी साध गये है।

# अस्पताल जाने और बसों में बैठने से महिलाओ को लगता हैं डर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 अक्टूबर.** शहर के बीचो-बीच स्थित रोडवेज बस स्टैंड पर सोमवार रात एक बस कंडक्टर द्वारा महिला यात्री को बंधक बनाकर बस में दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित महिला ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई और पुलिस ने आरोपी बस कंडक्टर को गिरफ्तार भी कर लिया। वही सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के अधीक्षक व एक डॉक्टर पर अस्पताल में कार्यरत एक नर्स ने छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। इन खबरों से ग्वालियर की महिलाओं ने चिंता व्यक्त की हैं।

**शहर के बीचो-बीच सुरक्षित नहीं महिलाए,जताई चिंता**

महिलाओं का कहना है कि अस्पताल में हमें इलाज करने जाना होता है वही रोडवेज की बस से हम अक्सर अपने परिजनों के घर आते जाते हैं ऐसे में सरकारी अस्पताल में कार्यरत नर्स के साथ वहीं के अधीक्षक और डॉक्टर द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत और सरकार द्वारा अनुबंधित बसों के कंडक्टर और ड्राइवर द्वारा किसी महिला के साथ की गई हैवानियत से हम महिलाओं के लिए बड़ी चिंता उत्पन्न हुई है। सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि अनुबंधित बस में स्टाफ कैसा है। साथ ही बस संचालकों, मालिकों की भी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह अपने बस पर स्टाफ रखते समय उसका बैकग्राउंड पहले चेक करें। शहर की महिलाओ ने इस मामले में पुलिस की भूमिका पर भी प्रश्न चिन्ह खड़े किए हैं।

**महिलाओ का कहना हैं . . .**



यह घटना हैरान करने वाली है क्योंकि बस स्टैंड पर पुलिस का स्टाफ भी रहता है फिर क्या कारण है कि बस कंडक्टर ने महिला के साथ इतनी बड़ी घटना को अंजाम दिया और उसे पुलिस का भय बिल्कुल भी नहीं रहा। नर्स द्वारा लगाए गए आरोप भी चिंता प्रकट करते हैं क्योंकि हम अस्पताल में ही तो इलाज कराने जाते हैं यदि वहां का स्टाफ इस तरह की हरकत करेगा तो फिर सरकारी संस्थानों पर कौन भरोसा करेगा।

**दीप्ति पाठक,गृहिणी**



अक्सर हम महिलाओ को अकेले भी इलाज के लिए अस्पताल और परिजनों से मिलने भिंड,इटावा शिवपुरी, दतिया,डबरा अकेले भी जाना पड़ता है मैं खुद डबरा से ग्वालियर काम करने आती हूं ऐसे में बस में कंडक्टर, और अस्पताल अधीक्षक व डॉक्टर की खबर सुनकर अस्पताल जाने और बस में बैठने से भी डर लगेगा।

**रिंकी गुप्ता,नौकरी**



भाजपा सरकार में महिलाएं सुरक्षित नहीं है यह बात मैं पहले भी कई बार कह चुकी हूं और इन दो घटनाओ ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है, क्योंकि जिस बस में यह घटना घटी वह सरकार द्वारा अनुबंधित है वही अस्पताल तो सरकारी ही हैं। ऐसे में सरकार को कडी कार्रवाई करनी चाहिए। पार्टी ने मुझे आदेश दिया इसलिए चुनाव प्रचार के लिए बिहार जा रही हूं नहीं तो इस घटना पर जरूर आंदोलन करती।

**निधि शर्मा,समाजसेवी**



इन दो घटनाओं से जाहिर होता है कि महिलाएं कहीं भी सुरक्षित नहीं है। मैं जॉव के लिए रोज बाहर जाती हूं जब इस तरह की खबरें सुनती हू तो गुस्सा भी आता हैं और डर भी लगता हैं समझ नही आता अकेली लड़की विना भय कहीं आ जा सके सरकार और समाज ऐसा वातावरण हमें कब देगा।

**योगिता सारस्वत,नौकरी**



बात अस्पताल और बस की नहीं हैं आज बच्चियाँ हो या महिलाए सुरक्षित कहां हैं। पुलिस का भय जैसे किसी को हैं ही नहीं। इस पर सिर्फ विचार रखने से नही वल्कि सख्त कार्रवाई करने से रोक लगेगी। पुलिस सरकार और समाज सभी को मिलकर रोकना होगा।

**गीतांजलि शर्मा,अधिवक्ता**

# जेएच में कर्मचारियों की हड़ताल स्थगित,मरीजों को राहत

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 29 अक्टूबर.** गजराराज चिकित्सा महाविद्याल एवं जयारोग चिकित्सालय समूह एवं हजार बिस्तर अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्स सफाई कर्मी,सुरक्षा गार्ड एव अन्य आउट सोर्स कर्मचारियों द्वारा दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे लेकिन शाम होते होते कंपनी ने आश्वासन दिया और हड़ताल स्थगित हो गई। इससे भर्ती मरीज और शाम को इलाज के लिए आए मरीजों को राहत महसूस हुई। मध्य प्रदेश संविदा ठेका स्वाथ्य श्रमिक संघ( इंटक)के प्रदेश महामंत्री विश्वेश्वर गोस्वामी ने बताया कि समस्त कर्मचारियों का मार्च तक का बोनस एवं लीव वेजेस की राशि का भुगतान संस्था द्वारा किया गया है। तथा शेष माह का भुगतान समस्त कर्मचारियों को संस्था द्वारा कर दिया जावेगा एवं कर्मचारियों का ऐरियर का भुगतान चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा प्राप्त अनुमति के पश्चात माह दिसम्बर से वितरित किया जावेगा। ऐसा आश्वासन आज दोपहर 3 बजे एंजल एजेंसी के द्वारा दिया गया इसलिए हड़ताल को स्थगित किया गया है।

**हड़ताल के दूसरे दिन कंपनी ने दिया आश्वासन**

### ये है प्रमुख मांग

श्रम विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2024 से पुनरीक्षित वेतन वृद्धि अनुसार 11 माह का एरियर भुगतान किया जाए। पूरा बोनस सभी कर्मचारियों को दिया जाए। हर माह 1 से 5 तारीख में भुगतान किया जाए।

## पूर्व विधायक मंडल की आम सभा में भगवान सिंह बने वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश विधान सभा भवन में मध्य प्रदेश पूर्व विधायक मंडल की आम सभा आयोजित की गई। बैठक में आगामी पांच साल के कार्यकाल के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। पूर्व मंत्री जसवंत सिंह को मंडल का अध्यक्ष चुना गया, जबकि पूर्व मंत्री भगवान सिंह यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाया गया। अजय सिंह उपाध्यक्ष जोधाराम गुर्जर उपाध्यक्ष, वीरसिंह रघुवंशी कोषाध्यक्ष, प्रेम नारायण मिश्र महामंत्री, राज नारायण सिंह पुरनी तथा श्रीमती कौशल्या गोटिया को मंत्री चुना गया।

## समुदाय आधारित पहल से ही धरोहरों को संरक्षित किया जा सकता है : प्रो . सिसोदिया

नवभारत न्यूज




**ग्वालियर 29 अक्टूबर.** ऐतिहासिक धरोहरें हमारे अतीत से जोड़ती हैं। इन धरोहरों को देखकर हम अपनी ऐतिहासिक निरंतरता को जान समझ सकते हैं। जीवाजी विश्वविद्यालय के डीसीडीसी एवं प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो. शांतिदेव सिसोदिया ने कही। वह बुधवार को महाराजा मानसिंह महाविद्यालय की एनसीसी इकाई द्वारा 8 एमपी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुमित दुआ के निर्देशन में ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति सामाजिक चेतना विषय पर आयोजित व्याख्यान को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सीताराम सिंह तोमर ने की। मुख्य वक्ता माधव महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष और राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. मनोज अवस्थी थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक कैप्टन डॉ. समीर भार्गव ने दिया। मुख्य अतिथि प्रो. शान्तिदेव सिसोदिया ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा और जागरूकता से ही धरोहरों के संरक्षण के प्रति सामाजिक चेतना विकसित की जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन डॉ. समीर भार्गव ने किया। इस अवसर पर डॉ. ममता सिंह, डॉ. मेघना शर्मा, शैली भट्ट, डॉ. संजय षट्कर्म आदि उपस्थित थे।

**सामाजिक, सांस्कृतिक और कलात्मक पहचान हैं धरोहरें : प्रो . अवस्थी**

**महाराजा मानसिंह महाविद्यालय में ऐतिहासिक धरोहरों के प्रति सामाजिक चेतना पर हुआ व्याख्यान**


## आवश्यकता है केयर टेकर की

आवश्यकता है भोपाल में लकवा के मरीज की देखभाल के लिए एक फुल टाइम केयरटेकर की, जो मरीज की संपूर्ण देखभाल कर सके.

कम से कम दो वर्ष के अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता.

12 घंटे की ड्यूटी, वेतन- 15000/-

संपर्क करें

9826461065


## OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION, GWALIOR
## WORKSHOP DEPARTMENT

File No. 06/25x4/19/WS/2025-26 Date: 29/10/2025
R.O क्र.-687 दि. 29/10/25

### DETAILED NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of Gwalior Municipal Corporation by undersigned from firm registered in appropriate class in following Tender Bids will be received online as per key dates. Complete detail can be seen online in concern Tender.

| S. n. | Name of work | Probable Amount of Contract (Rs. In lakh) | Tender ID no. | Date of release of Tender | Last date for purchase online tender dated |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supply of 01 Nos Two wheel drive manual Tractors with RTO Registration and 01 Year Zero Dep Insurance and one year Under warranty Service of the vehicle at relevant Service centre (03 Service/Year) attached Specificantions to Workshop Department Municipal Gwalior File no. 06/25x4/19 (PAARSHAD NIDHI) WARD-32 | 6,66,081/- (with GST) | 2025_UAD_447710_2 | 24-10-25 | 10-11-25 |

Further details can be seen at http://mptenders.gov.in

Nodal Officer
Workshop
Nagar Nigam Gwalior

## केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking — सिंडिकेटबैंक SyndicateBank

क्षेत्रीय कार्यालय : प्रथमतल सांई बाबा कॉम्पलेक्स,जीडीए बिल्डिंग के पास, फूलबाग, ग्वालियर फोन : 0751-2423126

**ई-नीलामी विक्रय सूचना**

परिशिष्ट -IV क {नियम 8(6) का परन्तुक देखें}

### अचल सम्पत्ति के विक्रय हेतु विक्रय सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रर्वतन अधिनियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना आम जनता को साधारणत : एवं निम्न वर्णित अचल सम्पत्तियों के ऋणियों एवं जमानदारों को विशेषत : सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित सम्पत्तियां कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया है। निम्नवर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक **15.11.2025 & 30.11.2025** को कैनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के बकाया राशि को वसूल करने हेतु ''जैसा है जहां है, जो है जैसा है'' एवं ''जो कुछ भी है'' के आधार किया जा रहा है।

| शाखा एवं खाते/ जमानदार का नाम | बकाया राशि / नीलामी दिनांक | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड़ बढाने की राशि |
|---|---|---|---|
| **शाखा : केनरा बैंक नई सड़क, Ph.: 78797-34441, E-mail: cb17785@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी : 1. श्री रामेश्वर दयाल यादव पुत्र श्री रामस्वरूप यादव ऋणी : 2. चंद्र कला पत्नी श्री रामेश्वर दयाल यादव** पता : फ्लैट नंबर-204, पहली मंजिल कृष्णा अपार्टमेंट, जैन कॉलोनी, वीरपुर, गांधी स्कूल के पास, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) **जमानतदार : श्री दिनेश कुमार पुत्र श्री रामप्रकाश** पता-लक्ष्मणपुरा, पड़ाव, ग्वालियर (म.प्र.) | Rs. 14,76,543.29/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 30-11-2025 (सांकेतिक) | संपत्ति वार्ड संख्या-65 में स्थित है, फ्लैट संख्या-204, प्रथम तल कृष्णा अपार्टमेंट, जैन कॉलोनी, वीरपुर, गांधी स्कूल के पास, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.), क्षेत्रफल - 880.00 वर्ग फीट **चतुर-सीमाएं : उत्तर**-सामान्य मार्ग, **पूर्व**-अन्य की संपत्ति **दक्षिण**-बालकनी और अन्य प्लॉट, **पश्चिम**-फ्लैट संख्या 203 और अन्य की संपत्ति | Rs. 12,35,000/- / Rs. 1,23,500/- / Rs. 10,000/- |
| **शाखा : केनरा बैंक, भितरवार, Mob.: 8109323374, Email: cb5445@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी : मैसर्स ठाकुर बाबा मोटर्स प्रो. पंजाब सिंह परिहार पुत्र श्री खुशालीराम** पता : हर्सी रोड़, भितरवार ग्वालियर (म.प्र.)-475200 **प्रोपराइटर : पंजाब सिंह परिहार, पुत्र श्री खुशाली राम** पता : 28, एडवोकेट कॉलोनी, भितरवार (म.प्र.) पिन - 475200 | Rs. 27,15,988.18/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 15-11-2025 (सांकेतिक) | भूमि एवं भवन आवासीय का आवंटन पंजाब सिंह परिहार सर्वे नं.3343/मिन-1, वार्ड नं.08 भितरवार, ग्वालियर (म.प्र.) क्षेत्रफल-800 वर्ग फीट (20*40), **चतुर-सीमाएँ-उत्तर** : नवल सिंह का प्लॉट, **दक्षिण** : बघेल का प्लॉट, **पूर्व** : सड़क **पश्चिम** : भूमि या विक्रेता | Rs. 16,83,000/- / Rs. 1,68,300/- / Rs. 10,000/- |
| **शाखा : केनरा बैंक, एल.आई.सी. सिटी सेन्टर, Ph.: 79838-30415, E-mail : cb17781@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी-मैसर्स श्री आशीर्वाद ग्रुप प्रस्तावक श्री. संजय शर्मा,** पता : प्रधान साहब का बाड़ा जीवाजीगंज लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) **मालिक- श्री. संजय शर्मा** पता : प्रधान साहब का बाड़ा, जीवाजीगंज लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) **गारंटर- श्री. नवीन वानखेड़े** पता : मकान नं. 71, जय बगरंग नागार्ट अनूप सिनेमा के पास, इंदौर-452010 | Rs. 76,58,801.64/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 30-11-2025 (सांकेतिक) | भूमि एवं भवन का आवंटन एम.एच. क्रमांक 30/1080 (पुराना), टोपे ग्वालियर वाला मोहल्ला, प्रधान साहब का बाड़ा के पास, जीवाजीगंज, लश्कर ग्वालियर में स्थित है। **चतुर-सीमाएं : उत्तर** : सड़क निगम, **दक्षिण** : शेष प्लॉट, **पूर्व** : सड़क निगम, **पश्चिम** : सरकारी भूमि। | Rs. 46,44,000/- / Rs. 4,64,400/- / Rs. 10,000/- |
| **शाखा : केनरा बैंक मुरार, ग्वालियर, Ph.: 94562-27799, Email: cb5677@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी : 1. नितिन सोनी सुपुत्र श्री रमेश सोनी** पता : टाटाडे बंधु मार्केट, सराफा बाजार ग्वालियर (म.प्र.)-474001 **2. संध्या सोनी पत्नी नितिन सोनी** पता : माणिक का बाड़ा, निबालकर की गोठ, लश्कर ग्वालियर (म.प्र.)-474002, **जमानतदार- देवेन्द्र सिंह तोमर पुत्र महेंद्र सिंह तोमर** पता : हनुमान घाटी शिंदे की छावनी, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.)-474001 | Rs. 7,30,274.15/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 15-11-2025 (सांकेतिक) | आवासीय भवन का मालिक नगर निगम विभाग मकान क्रमांक 50/1356 वार्ड क्रमांक 50, भोंसले साहब का बाड़ा, जगताप की गोठ, माधवगंज, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) में स्थित है। **क्षेत्रफल - 40.32 वर्ग मीटर। चतुर-सीमाऐं : पूर्व** - पैसेज स्ट्रीट और उसके बाद किशोर कुमार बनवानी का मकान, **दक्षिण** - स्ट्रीट उसके बाद गुरुमुख दास भाटिया और श्रीमती अनीता मतलानी का मकान, **पश्चिम** - अन्य संपत्ति, **उत्तर** - श्रीमती कुसुम भदौरिया की संपत्ति | Rs. 15,88,000/- / Rs. 1,58,800/- / Rs. 10,000/- |
| **शाखा : केनरा बैंक सिटी सेन्टर, ग्वालियर, Mob.: 79838-30415, Email: cb17781@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी :1. श्रीमती मीना कुशवाह पत्नी स्व. श्री हरविलाश कुशवाह ऋणी : 2. श्री संजय कुशवाह, पुत्र स्व. श्री हरविलाश कुशवाह** पता- वार्ड क्रमांक 52, भाग एसवाय, क्रमांक 327 से 332 मिन-1, 333, से 337, 357 एवं 358, न्यू शीतला कॉलोनी, प्रीतमपुरम कॉलोनी के पास, गुड़ा, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) पिन-474001 **जमानतदार : श्री हरि सिंह कुशवाह पुत्र स्व. मन्नी सिंह कुशवाह** पता- न्यू शीतला कॉलोनी,12 बीघा, ट्रांसफार्म के पास, अजयपुर, गुड़ा, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) | Rs. 20,32,258.13/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 15-11-2025 (सांकेतिक) | भूमि एवं भवन वार्ड क्रमांक 52, एसवाय क्रमांक 327 से 332 मिन-1 का भाग, 333 से 337, 357 एवं 358, न्यू शीतला कॉलोनी, प्रीतमपुरम कॉलोनी के पास, गुडा, लश्कर, ग्वालियर (म.प्र.) -474001., क्षेत्रफल : 1800.00 वर्गफुट। **चतुर-सीमाएं : पूर्व** - भूमि श्री हरि सिंह, **पश्चिम** - सड़क एवं अन्य प्लॉट, **उत्तर** - मकान काशीराम कुशवाह, **दक्षिण** - मकान मोहन सिंह कुशवाह | Rs. 32,91,000/- / Rs. 3,29.100/- / Rs. 10,000/- |
| **शाखा : केनरा बैंक, ग्वालियर एस.एम.ई. शाखा, Ph.: 635450-0595, E-mail : cb3910@canarabank.com** | | | |
| **ऋणी : श्रीमती डॉली शर्मा, पुत्री श्री आनंद शर्मा** पता : मकान नंबर -250, अनिलभाटिया परिसर टाइगर चौक, शताब्दीपुरम, डी.डी. नगर गिर्द, ग्वालियर (म.प्र.) **गारंटर : श्री गिर्राज शर्मा पुत्र श्री राम भरोसी** पता : 51-ई सेक्टर, दीनदयाल नगर, ग्वालियर, (म.प्र.)-474005 | Rs. 19,36,911.49/- + ब्याज एवं खर्चे; नीलामी दिनांक 15-11-2025 (सांकेतिक) | वार्ड क्रमांक 44 में स्थित आवासीय फ्लैट का विवरण, फ्लैट क्रमांक 101, प्रथम तल, शुक्ला अपार्टमेंट, दहीमंडी के सामने, दौलतगंज, लश्कर, ग्वालियर। क्षेत्रफल : 42.60 वर्ग मीटर। **Cersai Id: 400055884774, चतुर-सीमा : पूर्व**- हाउस दीगर, **उत्तर**- प्रोपर्टी शुक्ला, **पश्चिम**- कॉमन रोड, **दक्षिण**- प्रोपर्टी जैन। | Rs. 20,70,000/- / Rs. 2,07,000/- / Rs. 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय 15.11.2025 & 30.11-2025, दोपहर 1 से 2 बजे तक (5 मिनट के असीमित विस्तार पर )**

**अन्य नियम व शर्तें :** (1) संपत्ति ''जैसी है जहां है'' स्थिति में बेची जाएगी, जिसमें कोई भार शामिल होगा। (बैंक के ज्ञान में कोई भार नहीं है। भार के विवरण के लिए, नीचे खंड 9 (डी) में संदर्भित बयाना राशि जमा करने से पहले नीचे हस्ताक्षरकर्ता से संपर्क करें)। नीलामी / बोली केवल **Website: http://baanknet.in** के माध्यम से ऑनलाइल इलेक्ट्रोनिक बोली के माध्यम से होगी। बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री कार्यवाही में भाग लेने से पहले विस्तृत शर्तों के लिए वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है। (2) संपत्ति केवल आरक्षित मूल्य से अधिक कीमत पर बेची जाएगी। (3) संपत्ति का निरीक्षण प्राधिकृत अधिकारी के साथ पूर्व नियुक्ति के साथ, **14.11.2025 & 29.11.2025** से पहले किसी भी कार्य दिवस पर दोपहर 3 से शाम 5 बजे के बीच किया जा सकता है। (4) इच्छुक बोलीदाताओं को अपना नाम पोर्टल **http://baanknet.in/** पर पंजीकृत करना चाहिए और अपना यूजर आईडी और पासवर्ड नि :शुल्क प्राप्त करना चाहिए। (5) भावी बोलीदाता सेवा प्रदाता मेसर्स पीएसबी एलायंस (एबकेरे), श्री धर्मेश आशेर, संपर्क नंबर **98922-19848**, ई-मेल: **support.baanknet@ psballiance.com** और **avp-projectmanager2@ psballiance.com** से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं, हालांकि वेबसाइट **http://baanknet.in/** के माध्यम से असफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई ईएमडी उन्हें वापस कर दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं लगेगा। (6) नीलामी ऊपर बताए अनुसार आरक्षित मूल्य पर शुरू होगी। बोलीदाता 10,000 रुपये के गुणकों में अपने प्रस्तावों में सुधार कर सकते हैं। ऑनलाइन नीलामी के समापन पर सबसे ऊंची बोली (आरक्षित मूल्य से ऊपर) पेश करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता घोषित किया जाएगा। सुरक्षित लेनदार द्वारा इसकी पुष्टि के अधीन, सफल बोलीदाता के पक्ष में बिक्री की पुष्टि की जाएगी। (7) सफल बोलीदाता को स्वयं को सफल बोलीदाता घोषित करने के तुरंत बाद बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत (पहले से भुगतान की गई ईएमडी सहित) जमा करना होगा और यदि सफल बोलीदाता बिक्री मूल्य का भुगतान करने में विफल रहता है तो सुरक्षित लेनदार द्वारा बिक्री की पुष्टि की तारीख से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करनी होगी। उसके द्वारा की गई जमा राशि बिना किसी नोटिस के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर ली जाएगी और संपत्ति को तुरंत फिर से बिक्री के लिए रखा जाएगा। (8) 50 लाख रुपये (पचास लाख रुपये) और उससे अधिक की बिक्री आय के लिए, सफल बोलीदाता को बिक्री आय पर 1 प्रतिशत की दर से टीडीएस काटना होगा और बैंक को टीडीएस प्रमाण पत्र की मूल रसीद जमा करनी होगी। (9) सभी परिवहन शुल्क, स्टांप शुल्क/जीएसटी पंजीकरण शुल्क आदि, जैसा लागू हो और किसी भी स्थानीय प्राधिकरण को कोई कर, राजस्व/बकाया केवल सफल बोलीदाता द्वारा वहन किया जाएगा। (10) प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी के नियमों व शर्तों को स्थगित/रद्द या बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है। (11) यदि ऐसे बोलीदाता हैं जिनके पास इंटरनेट तक पहुंच नहीं है, लेकिन वे ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हैं, तो वे संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय या किसी शाखा से संपर्क कर सकते हैं, जो एक सुविधा केंद्र के रूप में आवश्यक व्यवस्था करेंगे। (12) **14.11.2025 & 29.11.2025** को या उससे पहले नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/चालान के माध्यम से एबक्रे वेबसाइट के सफल पंजीकरण के बाद आरक्षित मूल्य की 10 प्रतिशत ईएमडी राशि ई-वॉलेट में जमा की जानी है। ईएमडी राशि को ई-वालेट में सफलतापूर्वक स्थानांतरित करने के बाद, बोलीदाता पात्र संपत्तियों में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए रिकवरी और लीगल सेक्शन, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, ग्वालियर मोबा : 8989992605 से संपर्क करें।

स्थान : ग्वालियर | दिनांक : 29-10-2025 | प्राधिकृत अधिकारी कैनरा बैंक

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95